संख्या– २४। /आठ–7–2022–01मेट्रो/2022

प्रेषक,

अरूणेश कुमार द्विवेदी,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–7 **लखनऊ : दिनांक : 07 जून, 2022**

विषय : जनपद–गाजियाबाद में प्रस्तावित एयर–बस सिस्टम/रोप–वे के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–311/I/4/ई.ई./जोन–6/2022 दिनांक 16.03.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कमांक–1 पर अंकित वैशाली मेट्रो से मोहननगर मेट्रो स्टेशन तक चिन्हित मार्ग हेतु प्राधिकरण द्वारा तैयार करायी गयी फिजिबिलिटी रिपोर्ट, डी.पी.आर., RFQ/RFP प्रपत्र एवं ड्राफ्ट कन्सेशन एग्रीमेन्ट पर विचार करते हुए संदर्भित SOP दिनांक 07.03.2022 के प्रस्तर–3(B) में उल्लिखित विकल्प हेतु अग्रिम कार्यवाही करने के साथ–साथ कमांक–II, III व IV पर अंकित मार्गों पर भी तद्नुसार रोप–वे प्रणाली विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

2– आपके उपर्युक्त पत्र दिनांक 16.03.2022 में उल्लेख है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रोप–वे से संबंधित परियोजनाओं को National Ropeways Development Program-Parvatmala Pariyojna के अन्तर्गत लिए जाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधनलि0 (NHLML) को आज्ञा–पत्र दिया गया है। तद्कम में उपरोक्त संदर्भित SOP दिनांक 07.03.2022 के प्रस्तर–3 (Excution of projects) में उल्लिखित Option-B "Partnership between State Government and NHLML through independent execution by NHLML (support from State Government formalized through a State Support Agreement" में निर्धारित प्रकिया के अनुसार उपरोक्त प्रस्तावित 04 मार्गों पर रोप–वे प्रणाली विकसित किया जाना श्रेयस्कर प्रतीत होता है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किये गये प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति की सूचना/आख्या शासन को **<u>यथाशीघ्र</u>** उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
6.6.2022

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
उप सचिव

G.O.Gaziabad Metro/Akt/2022